# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Techwill Construction Private Limited (निबंधन संख्या–1200322), At- Ahmed Campus, Khalilpura Road Godown, Phulwarisharif, Dist-Patna के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–3585 दिनांक 28.11.2024 द्वारा अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन दिनांक 12.08.2025 के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

29/08/2025

## आदेश

संवेदक Techwill Construction Private Limited के निदेशक मौ0 फैसल, पता– At- Ahmed Campus, Khalilpura Road Godown, Phulwarisharif, Dist-Patna एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर उपस्थित।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त इतिहास यह है कि कार्य प्रमंडल, शिवहर के अधीन योजना शीर्ष MMGSY (WB) के अन्तर्गत (i) श्यामपुर लक्ष्मी चौक प्रधानमंत्री सड़क से नसीबा होते हुए पूर्वी चम्पारण सीमान तक (ii) झीटकाही मोड़ प्रधानमंत्री सड़क से मसहा पुल मठ टोला, सहनी टोले होते हुए माधोपुर सुन्दर तक एवं (iii) बैद्यनाथपुर छपरा आर0ई0ओ0 पथ से विश्वम्भरपुर पूर्वी टोला होते हुए छपरा डेरा टोला तक पथ का निर्माण कार्य आवंटित था। जिसका एकरारनामा संख्या–MBD/MMGSY-WB/07/2021-2022 था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 24.09.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 23.09.2022 थी।

उक्त पथ का निर्माण कार्य एकरारित एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर द्वारा बार–बार निदेशित करने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त कार्य में कोई प्रगति नहीं किया गया। तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर के पत्रांक 802 दिनांक 02.06.2023 द्वारा एकरारनामा संख्याः– MBD/MMGSY-WB/07/2021-2022 को विखंडित करते हुए उक्त संवेदक के निबंधन संख्या–1200322 को कालीसूची में शामिल करने हेतु अनुशंसा की गई।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 316 दिनांक 24.01.01.2024, विभागीय पत्रांक 1859 दिनांक 09.05.2024 एवं विभागीय पत्रांक 2860 दिनांक 27.08.2024 द्वारा उक्त संवेदक को अपना पक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निदेशित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा अपना पक्ष विभाग को समर्पित नहीं किया गया। तद्‌लोक में सम्यक विचारोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (vi) के आलोक में संवेदक Techwill Construction Private Limited (निबंधन संख्या–1200322), At- Ahmed Campus, Khalilpura Road Godown, Phulwarisharif, Dist-Patna के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–3585 दिनांक 28.11.2024 द्वारा अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया। संवेदक द्वारा उक्त विभागीय सकारण आदेश के विरूद्ध यह अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का विस्तृत तथ्यात्मक विवरणी निम्नरूपेण है:—

1. संदर्भित पथ के एकरारनामा को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर के पत्रांक 802 दिनांक 02.06.2023 द्वारा विखंडित करते हुए कालीसूची में दर्ज करने हेतु मुख्यालय को अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।
2. उक्त एकरारनामा विखंडन के विरूद्ध संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या—5874/2024, टेकवेल कन्स0 प्रा0लि0 बनाम बिहार राज्य एवं अन्य दायर किया गया।
3. मुख्यालय द्वारा कालीकरण हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक से कारण पृच्छा किये जाने के उपरान्त संवेदक के निबंधन को **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक—3585 दिनांक 28.11.2024** द्वारा अगले 03 (तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया।
4. संदर्भित वाद में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 19.02.2025 को न्यायादेश पारित करते हुए कतिपय निदेश दिया गया। जिसका कार्यकारी अंश निम्नवत है:—

"6. Having regard to the above, the impugned order dated 02.06.2023 and the order dated 16.10.2023 passed by the Executive Engineer, Rural Works Department, Works Division, Sheohar, (Respondent No. 4) is without jurisdiction and the same are accordingly set aside. The matter is remanded back to the authority concerned (Respondent No. 2) for passing orders afresh. The Respondent No. 2 shall put the petitioner on notice and call for his explanation and, thereafter, pass a reasoned order duly taking into account the explanation submitted by the petitioner herein strictly in accordance with law.

7. With the above directions, the present writ petition stands allowed to the extent indicated above.";

5. उक्त न्यायादेश के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 8678 दिनांक 11.08.2025 द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर को निदेश दिया गया कि संदर्भित एकरारनामा को Foreclose करते हुए याचिकाकर्त्ता/संवेदक को अग्रधन, जमानत एवं अन्य मदों में कटौती की गयी राशि को लौटा दिया जाय।

एकरारनामा को Foreclose किये जाने के स्थिति में संवेदक द्वारा दिनांक 12.08.2025 को उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

संदर्भित मामले में सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा बताया गया कि उक्त वाद में पारित न्यायादेश के तहत दिये गये निदेश के आलोक में संदर्भित एकरारनामा के तहत कार्य पूरा नहीं किये जा सकने के फलस्वरूप एकरारनामा को Foreclose करते हुए कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर को याचिकाकर्त्ता/संवेदक को अग्रधन, जमानत एवं अन्य मदों में कटौती की गयी राशि को लौटने हेतु विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 8678 दिनांक 11.08.2025 द्वारा निदेशित किया गया है, जिसके आधार पर काली सूची के आदेश को रद्द किये जाने हेतु अनुरोध किय गया है।"

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर के पत्रांक 1475 अनु0 दिनांक 27.08.2025 द्वारा उपस्थित होकर अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि संवेदक का अभ्यावेदन दिनांक 30.07.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि एकरारित दर के पुराना होने के कारण वर्त्तमान में कार्य करने में असहमति व्यक्त किया गया है साथ ही एकरारनामा को Foreclose करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि का वापस करने हेतु अनुरोध किया गया।

उक्त एकरारनामा अन्तर्गत तीनों पथों की वर्त्तमान वस्तुस्थिति निम्नरूपेण है:-

(i) श्यामपुर लक्ष्मी चौक प्रधानमंत्री सड़क से नसीबा होते हुए पूर्वी चंपारण सिमान तक पथ (लम्बाई 2.820 कि0मी0) में संवेदक Techwill Construction Private Limited द्वारा WBM-III स्तर तक कार्य किया गया था एवं किये गये कार्य के विरूद्ध 113.38896 लाख का भुगतान किया गया था परन्तु शेष कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण एकरारनामा विखंडन के पश्चात् प्राक्कलन को पुनरीक्षित करते हुए निविदा प्रक्रिया पूरी कर शेष कार्य को पूर्ण करने के लिए "देव्वयानी स्टली प्रा0 लि0" द्वारा एकरारनामा किया गया था एवं वर्त्तमान में पथ का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

(ii) झिटकाही मोड़ प्रधानमंत्री सड़क से मसहॉ पुल मठ टोला, सहनी टोला होते हुए माधोपुर सुंदर तक पथ (लम्बाई 1.620 कि0मी0) में संवेदक Techwill Construction Private Limited द्वारा पुलिया का कार्य किया गया था एवं किये गये कार्य के विरूद्ध 14.17628 लाख का भुगतान भी किया गया था। शेष कार्य लंबित होने के कारण एकरारनामा विखंडन के पश्चात् पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता-06 के पत्रांक 1291 दिनांक 24.10.2024 के द्वारा स्वीकृति हेतु विभाग को समर्पित है।

(iii) बैद्यनाथपुर छपर REO पथ से विशम्भरपुर पूर्वी टोला होते हुए छपरा डेरा टोला तक पथ (लम्बाई 2.17 कि0मी0) में संवेदक Techwill Construction Private Limited द्वारा केवल मिट्टी का कार्य किया गया एवं उसका Compaction नहीं किया गया जो मापी योग्य नहीं था। एकरारनामा विखंडन के पश्चात् पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता-06 के पत्रांक 1291 दिनांक 24.10.2024 के द्वारा स्वीकृति हेतु विभाग को समर्पित है।

उपर्युक्त वर्णित साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त संवेदक को आंवटित कार्य किये गये एकरारनामा के अनुसार ससमय नहीं किये जाने के कारण इन्हें 03 (तीन) वर्ष के लिए कालीकृत किया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त संवेदक Techwill Construction Private Limited (निबंधन संख्या-1200322), At- Ahmed Campus, Khalilpura Road Godown, Phulwarisharif, Dist-Patna से प्राप्त अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक-3585 दिनांक 28.11.2024 द्वारा इन्हें 03 (तीन) वर्ष के लिए निर्गत कालीकृत (Blacklist) आदेश को यथावत रखते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

५६

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–02–70 / 2024 9853 / पटना, दिनांक– 12/9/25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.09.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–02–70 / 2024 9853 / पटना, दिनांक– 12/9/25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–02–70 / 2024 9853 / पटना, दिनांक– 12/9/25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

11.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–02–70 / 2024 9853 / पटना, दिनांक 12/9/25

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Techwill Construction Private Limited, At- Ahmed Campus, Khalilpura Road Godown, Phulwarisharif, Dist-Patna Pincode: 801505 को सूचनार्थ प्रेषित।

11.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–02–70 / 2024 9853 / पटना, दिनांक– 12/9/25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.09.25

अभियंता प्रमुख